# यश भारत

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-232 ● कटनी ● शुक्रवार, 24 सितम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आश्विन कृष्ण पक्ष -4 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935


## शिवराज ने बुलाई मंत्रियों की आपात बैठक

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मंत्रियों की आपात बैठक बुलाई है। शाम 7.00 बजे मुख्यमंत्री निवास में यह आपात बैठक होगी। सूत्रों के अनुसार कल सीएम हाउस में हुई बैठक के बाद फॉलोअप को लेकर मंत्रियों से मुख्यमंत्री चर्चा करेंगे इसके साथ आने वाले उपचुनाव और कुशाभाऊ ठाकरे के जन शताब्दी वर्ष को लेकर मंत्रियों को जिम्मेदारी दी जा सकती है। सरकार के कामकाज में कसावट को लेकर भी यह बैठक अहम मानी जा रही है संगठन के साथ तालमेल को लेकर मंत्रियों को मुख्यमंत्री निर्देश दे सकते हैं।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला ने पाक को माना आतंकियों का ठिकाना



## पीएम का अमेरिका दौरा, मोदी-बाइडन की मुलाकात पर पाकिस्तान की भी नजर

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने खुद माना कि पाकिस्तान की धरती पर कई आतंकी संगठन सक्रिय हैं। इन आतंकियों को इस्लामाबाद से संरक्षण प्राप्त है। यह जानकारी विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने ट्वीट कर दी। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी की अमेरिकी उपराष्ट्रपति से मुलाकात काफी सफल रही और इस मुलाकात में आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब किया गया। बता दें, प्रधानमंत्री मोदी इन दिनों अमेरिका दौरे पर हैं और गुरुवार देर रात उन्होंने अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से मुलाकात की।

### तालिबान की जीत में पाकिस्तान में हाथ

मुलाकात की जानकारी देते हुए विदेश सचिव ने बताया कि कमला हैरिस ने खुद माना कि तालिबान की मदद करने में पाकिस्तान का हाथ है। उन्होंने पाकिस्तान को साफ लहजे में चेतावनी भी दी कि वह भारत व अमेरिका की सुरक्षा के लिए खतरा न बने और अपने यहां पनप रहे आतंकवाद खत्म करे। इस दौरान उन्होंने भारत में सीमा पार से हो रही आतंकी गतिविधियों पर भी सहमति प्रकट की और माना कि पाकिस्तान इसमें आतंकियों की मदद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कमला हैरिस से उपराष्ट्रपति बनने के बाद पहली मुलाकात थी।

### कैसे मिली अनुमतिः दिग्विजय

टीएमसी नेता रिजू दत्ता के बाद अब दिग्विजय सिंह ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने शुक्रवार को ट्वीट किया कि- मुझे जहां तक जानकारी है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोवाक्सिन लगवाई थी जो अमेरिका में स्वीकृत नहीं है। क्या उन्होंने कोई और टीका लिया है या फिर अमेरिकी प्रशासन की ओर से उन्हें विशेष छूट दी गई है। देश यह जानना चाहता है कि कोवाक्सिन लगवाने वाले प्रधानमंत्री मोदी को अमेरिका में इजाजत कैसे मिल गई।






## स्पेन की एयरबस से हुआ 20 हजार करोड़ का करार

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने 56 'सी-295' मध्यम परिवहन विमानों की खरीद के लिए स्पेन की एयरबस डिफेंस एंड स्पेस के साथ करीब 20,000 करोड़ रुपये के अनुबंध पर शुक्रवार को हस्ताक्षर किए। ये विमान भारतीय वायु सेना के एवरो-748 विमानों का स्थान लेंगे। सुरक्षा पर मंत्रिमंडल की एक समिति ने दो हफ्ते पहले लंबे समय से अटके इस सौदे को मंजूरी दी थी। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ए भारत भूषण बाबू ने ट्वीट किया, 'भारतीय वायु सेना के लिए 56 'सी-295' परिवहन विमान खरीदने के वास्ते रक्षा मंत्रालय और स्पेन की एयरबस डिफेंस एंड स्पेस के बीच अनुबंध हुआ है।

## केन्द्र की भाजपा सरकार के खिलाफ संयुक्त मोर्चा का धरना प्रर्शन कल

**भोपाल।** केन्द्र की भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में गठित 19 दलों का संयुक्त मोर्चा कल भोपाल के नीलम पार्क में धरना देकर प्रदर्शन करेगा। यह जानकारी कांग्रेस के प्रदेश उपध्यक्ष अशोक सिंह के अलावा कम्युनिष्ट पार्टी के नेताओं ने आज पत्रकार वर्ता में दी है। उनका कहना है कि केन्द्र व मप्र की भाजपा सरकार ने आपदा को अवसर मान लिया है। यही वजह है कि कोराना के समय लोगों को मरने पर मजबूर होना पड़ा है। उनका कहना है कि आज अर्थव्यवस्था तबाह हो चुकी है, राष्ट्रीय संपत्तियों को बेचा जा रहा है। लोकतंत्र को बाधित कर अन्याय को बढ़ावा दिया जा रहा है। केन्द्र की सरकार के खिलाफ देश की 19 पार्टियों द्वारा गठित किए गए संयुक्त मोर्चा द्वारा 20 से 30 सितंबर तक देशभर में आंदालेन चलाया जा रहा है, कल का प्रदर्शन उसी संदर्भ में किया जा रहा है।

## मुरैना में सम्राट मिहिर भोज की मूर्ति लगाने पर बवाल

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर में पिछले दिनों सम्राट मिहिर भोज की मूर्ति लगने के बाद एक नया विवाद शुरू हो गया है। मुरैना में गुरुवार को सम्राट मिहिर भोज की जाति को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। करीब एक दर्जन युवाओं ने चलती बस रोककर तोड़फोड़ की और घंटों तक चक्काजाम किया। सम्राट मिहिर को अपनी-अपनी जाति और वंश का बताकर गुर्जर और क्षत्रिय आमने-सामने आ गए हैं। मुरैना में सड़क जाम के बाद बानमोर में 12 से अधिक युवकों ने गुरुवार रात को मुरैना व ग्वालियर के बीच चलने वाली बसों में तोड़फोड़ की। आगामी तीन दिनों तक मुरैना में स्कूल व कोचिंग संस्थान बंद रखने के आदेश जारी कर दिए हैं।

# इंदौर में फिर कोरोना, महू कैंट एरिया में 30 सैनिक संक्रमित

## तीन महीने बाद एक बार फिर कोरोना विस्फोट, सीएम चिंतित दिये कई निर्देश

**इंदौर।** तीन महीने बाद एक बार फिर कोरोना विस्फोट हुआ है। जिले में एक दिन में यहां पर 32 संक्रमित मरीज मिले हैं,इसमें शहर के दो और महू कैंट एरिया के 30 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। ये सभी सैनिक बताए जा रहे हैं। महू कैंट एरिया में एक दिन पहले बुधवार को पांच मरीज सामने आए थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जो सैनिक संक्रमित पाए गए हैं, वे दूसरे राज्यों से ट्रेनिंग लेकर लौटे हैं। गुरुवार रात में मिलिट्री अस्पताल की ओर से जारी बुलेटिन में एक दिन में 30 पॉजिटिव पाए जाने की सूचना दी गई है। चीफ मेडिकल हेल्थ ऑफिसर डॉ. बीएस सैत्या ने कहा कि गुरुवार को 8552 सैंपल टेस्ट किए गए, जिनमें से 8512 निगेटिव और 32 पॉजिटिव पाए गए। सीएमएचओ और स्वास्थ्य विभाग की टीम मिलिट्री हॉस्पिटल पहुंची और संक्रमितों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। राहत की बात है कि किसी मरीज में गंभीर लक्षण नहीं है। मरीजों में सर्दी, बुखार, जुखाम और बदन दर्द की शिकायत है।



### तीन महीने बाद अचानक बढ़ी संख्या

जून महीने में कोरोना की दूसरी लहर कमजोर पड़ने लगी थी। 16 जून को जिले में 34 संक्रमित मरीज मिले थे, उसके बाद धीरे-धीरे मामले कम होने लगे। लेकिन अचानक से 53 लोगों के संक्रमित होने से तीसरी लहर की आशंका बढ़ने लगी है।

### एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़ने से बढ़ी चिंता

जिले में सक्रिय मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। एक हफ्ते में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 53 हो गई है। दो दिन पहले यहां संख्या 21 थी। अचानक यह संख्या बढ़ने से जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है।

### मुख्यमंत्री ने सतर्क रहने की अपील की

इंदौर में अचानक कोरोना मामलों में बढ़ोतरी पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चिंता जाहिर की है। शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट किया ÷प्रदेश में कोरोना संक्रमण नियंत्रण में है। इंदौर में 30 पॉजिटिव मामले एक साथ मिले। वे सेना के जवान हैं जो कहीं बाहर से आए थे। इसलिए कल का संक्रमितों का आंकड़ा 36 के आसपास पहुंच गया है। हमें अत्यंत सावधानी रखने की आवश्यकता है÷ राज्य में पिछले पांच दिनों से कोरोना संक्रमण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, इसमें इंदौर में सबसे ज्यादा मामला सामने आया है। सबसे बड़ी चिंता की बात है कि छोटे जिले संक्रमण की जद में तेजी से आ रहे हैं। राज्य में अब तक 7 लाख 92 हजार 425 लोग संक्रमित हो चुके हैं।

## सेंसेक्स ने नया इतिहास रचा

# रॉकेट बने भारतीय शेयर बाजार के टूटे सारे रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में शानदार तेजी का सिलसिला जारी है। आज सेंसेक्स ने नया इतिहास रच दिया है। यह पहली बार 60 हजार के पार पहुंचा। इससे पहले गुरुवार को भी सेंसेक्स और निफ्टी रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए थे। बाजार में अभी भी शानदार तेजी के साथ कारोबार कर रहा है। इससे निवेशकों को मोटा मुनाफा हुआ है। आइए जानते हैं तेजी के 10 कारण-



1. अमेरिका के सेंट्रल बैंक फेडरल रिजर्व के फैसले आ गए हैं। फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों को स्थिर रखा है। इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है लेकिन साथ ही आने वाले दिनों में कटौती के भी संकेत दे दिए हैं। इसकी वजह से विदेशी निवेशकों के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है।

2. इससे पहले अमेरिका के शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली। डाउ जोंस 1.48 फीसदी चढ़कर 34,764 पर बंद हुआ। नैस्डैक 1.04 फीसदी की बढ़त के साथ 15,052 और एस एंड पी 500 1.21 फीसदी चढ़कर 4,448 पर बंद हुआ।

3. कोरोना वायरस महामारी की दो लहरों का सामना कर चुके देश की अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ पटरी पर लौट रही है। वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में जीडीपी विकास दर 20.1 फीसदी रही। यह चीन से भी बेहतर आंकड़े हैं क्योंकि पहली तिमाही में चीन की विकास दर 7.9 फीसदी दर्ज की गई। यानी यह माना जा सकता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था चीन के मुकाबले तेजी से सुधरी है।

### कई सुधारों से खुश हुआ मार्केट

सरकार लगातार उद्योगों का समर्थन करने रही है। हाल ही में सरकार ने दूरसंचार क्षेत्र के लिए बड़े एलान किए थे। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दूरसंचार क्षेत्र में कई संरचनात्मक और प्रक्रिया सुधारों को मंजूरी दी थी। इन सुधारों से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा, उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा होगी और साथ ही निवेशक भी प्रोत्साहित होंगे।साथ ही विदेशी निवेश लगातार बढ़ रहा है, जिससे घरेलू बाजार में तेजी आई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जुलाई अवधि के दौरान देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश दोगुने से भी अधिक बढ़कर 20.42 अरब डॉलर हो गया। इन चार महीनों में टोटल फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट बढ़कर 27.37 अरब डॉलर हो गया। इससे भी घरेलू बाजार प्रभावित हुआ। प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम का बाजार भी अच्छा चल रहा है। कंपनियां लगातार आईपीओ पेश कर रही हैं।

## भारत के बाजार में जल्द आएंगे फ्लेक्सीबल फ्यूल वाहन




**नई दिल्ली।** देश में इलेक्ट्रिक व्हिकल्स को बढ़ाने देने के अभियान के बीच केंद्रीय सड़क तथा परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को बड़ा ऐलान किया। नितिन गडकरी ने कहा, अगले 3 से 4 महीनों में मैं एक आदेश जारी करूंगा, जिसमें सभी वाहन निर्माताओं के लिए फ्लेक्स इंजन (जो एक से अधिक ईंधन पर चल सकते हैं) अनिवार्य होगा। फ्लेक्स इंजन यानी Flexible Fuel Vehicle जो एक से अधिक ईंधन से चल सकेंगे। बता दें, ब्राजील समेत दुनिया के कई देशों में यह तकनीक पहली ही अपनाई जा चुकी है। इससे पेट्रोल और डीजल पर निर्भरता कम होगी और प्रदूषण को कंट्रोल करने में भी मदद मिलेगी। साथ ही वाहन चलाने का खर्च भी कम होगा।

## यूपी में गठबंधन का ऐलान, निषाद पार्टी और अपना दल के साथ चुनाव लड़ेगी भाजपा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियां अपने राजनीतिक समीकरण बैठाने में लगी हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह एलान कर दिया किया कि वो निषाद पार्टी के साथ गंठबधन करेगी और दोनों साथ में मिलकर योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे। इस दौरान धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि मैं तीन दिन से यूपी में हूं। निषाद पार्टी के साथ गठबंधन है। 2022 में हम ताकत के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। गठबंधन में अपना दल भी साथ रहेगा। उन्होंने कहा कि बहुत सारी राजनीतिक ताकत को भाजपा ने अपने साथ जोड़ा है। चुनाव का ताना बाना बुना है। उत्तर प्रदेश और भारत की शिक्षा का गहरा संबंध है। मैंने तीन दिन में महसूस किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ पर जनता का अटूट भरोसा है। प्रजातंत्र में विश्वास ही सबसे बड़ी पूंजी होती है। 2022 में यूपी की जीत महत्वपूर्ण है। सरकार व संगठन के काम व समन्वय के कारण हम जीतेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चुनाव होगा। हम सभी समाज और समुदाय को साथ लेकर चुनाव लड़ेंगे। निषाद पार्टी के साथ सीटों के बंटवारे पर सही समय पर निर्णय होगा। अन्य कई दलों से बात चल रही हैं।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान ने तीन दिन से बैठक कर चुनाव को लेकर मार्गदर्शन किया है।



## दस्तावेज लीक पर बवालः गूगल के आरोप को CCI ने बताया बकवास

**नई दिल्ली, (ऐजेंसी)।** गूगल ने गोपनीय डाटा लीक को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के खिलाफ रिट याचिका दायर की थी। अब इस याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में सीसीआई ने कहा है कि यह आरोप बेबुनियाद है। सीसीआई की ओर से मीडिया में कोई डाटा लीक नहीं किया गया है। गूगल चाहे तो डाटा लीक की रिपोर्ट प्रकाशित करने वाले मीडिया हाउस पर केस कर सकता है। दरअसल 23 सितंबर को गूगल ने गोपनीय डाटा लीक को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में सीसीआई के खिलाफ रिट याचिका दायर की थी। गूगल ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया है कि वह नहीं चाहता है कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग कोई गोपनीय डाटा को गैरकानूनी तरीके से सार्वजनिक करे। गूगल ने सीधे तौर पर सीसीआई पर गोपनीय डाटा को लीकर करने का आरोप लगाया है। गूगल ने कहा है कि उसने इसी महीने गूगल के एंड्रॉयड स्मार्टफोन की डील को लेकर चल रही एक जांच रिपोर्ट को सीसीआई को सौंपी थी।




## मौत से पहले 18 लोगों से की थी नरेन्द्र गिरि ने बात

**प्रयागराज।** महंत नरेंद्र गिरि ने 20 सितंबर को अपनी मौत से पहले 18 लोगों से बात की थी। इनमें से दो हरिद्वार के बड़े प्रापर्टी डीलर हैं। उनके डायल नंबर में 35 लोगों के नाम हैं लेकिन बात सिर्फ 18 से ही हुई थी। अब जांच के दायरे में वे सभी लोग हैं, जिनसे आखिरी दिन नरेंद्र गिरी ने बात की थी। खासकर दोनों प्रापर्टी डीलर। पुलिस उन सभी से संपर्क कर बयान दर्ज करेगी कि अंतिम दिन उन्होंने किससे क्या बात की थी? नरेंद्र गिरि के मोबाइल की प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस 18 लोगों को चिन्हित किया है। अंतिम दिन में उन्होंने 35 लोगों को फोन मिलाया था लेकिन बात सिर्फ 18 लोगों से हो पाई थी। पुलिस ने नंबरों की स्क्रूटनी की तो पता चला कि दो नंबर हरिद्वार के दो बड़े प्रापर्टी डीलरों के हैं। उनके अलावा 16 और लोगों से बात हुई है। इन सभी लोगों के बयान पुलिस दर्ज करेगी।



## इंदौर के पास बड़ा हादसा कार पलटने से तीन की मौत



**इंदौर।** इंदौर के बड़गोंदा थाना क्षेत्र में आज बड़ा हादसा हो गया। यहां सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार अनियंत्रित कार पलटने से युवकों की मौत हुई। पुलिस के अनुसार मृतकों के नाम विक्रम पिता हीरालाल, बद्री पिता भूरेलाल और संतोष पिता मदन लाल बताए गए हैं। एक मृतक कनाडिया थाना क्षेत्र का एवं दो मृतक बड़गोंदा थाना क्षेत्र के हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## अमेरिका में बूस्टर शाट की अनुमति

**वशिंगटन।** दुनियाभर में कोरोना के खिलाफ बूस्टर शॉट को लेकर छिड़ी बहस के बीच अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए इसकी अनुमति दे दी है। मिली जानकारी के मुताबिक, 65 की उम्र पार कर चुके या फिर अस्पतालों में तैनात 54 से 65 वर्ष के लोगों को यह बूस्टर डोज दी जाएगी। अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने इसके लिए हामी भर दी है। गुरुवार रात को सीडीसी निदेशक डॉ. रोशेल वालेंस्की ने बताया कि कोरोना को लेकर सलाहकारों के एक पैनल ने कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों के लिए बूस्टर डोज की मंजूरी दी है।






## फर्स्ट डोज वैक्सीनेशन के मामले में मध्यप्रदेश शीर्ष पर, सीएम शिवराज खुश



**भोपाल।** कोरोना टीकाकरण महाअभियान के दौरान एक दिन में सर्वाधिक लोगों को टीका लगाने को लेकर बार-बार रिकार्ड बनाने वाले मप्र ने अब एक और मामले में कीर्तिमान रच दिया है। पात्र लोगों को टीके की पहली खुराक देने के मामले में मप्र शीर्ष पर पहुंच गया है। मप्र में अब तक 83 फीसद से ज्यादा लोगों को वैक्सीन की पहली डोज लगाई जा चुकी है, जो देश में सर्वाधिक है। इस मामले में गुजरात, कर्नाटक व राजस्थान क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे पायदान पर हैं। बता दें कि शत प्रतिशत फस्ट डोज वैक्सीनेशन की लक्ष्य पूर्ति हेतु प्रदेश में 27 सितंबर को एक बार फिर टीकाकरण महाअभियान चलाया जाएगा। इस महाअभियान में प्रमुखता से प्रदेश के उन पात्र व्यक्तियों को कोरोना से बचाव के टीके की प्रथम डोज लगाई जाएगी, जिन्होंने अभी तक इसे नहीं लगवाया है।

# बेटे की तलाश में कई कब्रें खोद डालीं पिता ने

**श्रीनगर।** कश्मीर में गुरुवार को सेना ने शहीद जवान शाकिर मंसूर को उनके गांव में श्रद्धांजलि दी। पुलिस को शाकिर मंजूर का शव 13 महीने बाद बुधवार को कुलगाम जिले में मिला था। शाकिर को पिछले वर्ष दो अगस्त को आतंकियों ने अगवा कर लिया था। पुलिस के अनुसार, उसे सूचना मिली थी कि मोहम्मदपोरा इलाके में तिरपाल में लिपटा एक शव पड़ा है। पुलिस वहां पहुंची तो स्थानीय लोगों ने शव शाकिर का होने की आशंका जाहिर की। पुलिस ने शिनाख्त के लिए जवान के पिता मंजूर अहमद को बुलाया तो उसने दावा किया कि शव उसके बेटे का ही है जो दो अगस्त 2020 को लापता हो गया था। शिनाख्त के बाद पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच के लिए भेज दिया था। गौरतलब है कि शाकिर दो अगस्त 2020 की रात घर से अपनी गाड़ी से किसी काम के लिए बाहर निकला था, बाद में वह वापस नहीं लौटा। घर के लोगों ने शाकिर को रात भर ढूंढने की कोशिश की लेकिन कोई पता नही चला। उसकी गाड़ी कुलगाम में एक स्थान पर जली हुई मिली थी। शहीद जवान शाकिर मंजूर के परिजन बताते हैं कि उसके लापता होने के बाद पिता मंजूर की हालत पागलों जैसी हो गई। जहां कहीं उसे पता चलता कि कोई अज्ञात व्यक्ति या शव मिला है वह बेटे की तलाश में वहां पहुंच जाता। इतना ही नहीं वह फावड़ा लेकर कब्रिस्तानों में जाता था और कई बार अज्ञात लोगों की कब्रें भी खोद डालीं, हर बार वह खाली हाथ लौटा। बुधवार को सूचना मिलने पर पहुंचे शाकिर के पिता ने ही उसके शव की शिनाख्त की। उसके घर एक बार फिर मातम पसरा हुआ है। लोग आ रहे हैं और ढांढस बंधा रहे हैं।





# क्वार की कातिल धूप और उमस से अटकने लगी सांस

## कम बारिश की वजह से बढ़ी लोगों की परेशानी

## न दिन को चैन और न ही रात को सुकून

**कटनी। जेठ बैसाख की कसमसी और क्वार का घाम यह कहावत वर्तमान में दिख रहे मौसम के मिजाज पर सटीक बैठ रही हैं। दोपहर में पंखे के ठीक नीचे बैठने पर भी नहीं लगता कि हवा लग रही है। घर-बाहर कहीं भी राहत नहीं है। उमस के कारण आधी रात के बाद तक बेचैनी में करवटें बदलते रहते हैं। रात दो बजे के बाद हवा नम होने पर किसी तरह नींद आती भी है तो भोर में ही सांस फूलने लगती है।**

घनी बस्तियों में तो हाल और खराब है। कमरे के अंदर बैठना मुश्किल है। देर रात तक लोगों को बेचैन टहलते देखा जा सकता है। भारी उमस के बीच चटख धूप ने परेशानी और बढ़ा दी है।

दोपहर में धूप सिर पर हथौड़े सी लगती है। क्वार की धूप वैसे भी खतरनाक मानी जाती है, इन दिनों तो यह कातिल सी नजर आने लगी है। तेज धूप और भारी उमस के कारण चक्कर और बेहोशी के मरीज भी बढ़ने लगे हैं। बारिश थमे बमुश्किल कुछ दिन हुए हैं लेकिन लग रहा मानों महीनों से बरसात नहीं हुई। वातावरण में आर्द्रता है लेकिन धूप इस कदर तीखी हुई है कि उसने मौसम का मिजाज ही बदल दिया है। आर्द्रता के कारण भोर में मौसम नम रहता है लेकिन इससे सुकून कम, परेशानी ज्यादा है।

दो तरह के मौसम के कारण वायरल का घेरा और कस गया है। वायरल के साथ तेजी से बुखार दिमाग पर अटैक कर रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि इन दिनों बुखार असहनीय सिर दर्द के साथ शुरू हो रहा है जो ज्यादा खतरनाक है। यह कातिल धूप का असर है जिससे बचना होगा।

### श्वांस मरीजों की संख्या बढ़ी

भोर की भारी नमी और दिन की कड़क धूप श्वांस के मरीजों को परेशान करने लगी है। अस्पताल में सांस फूलने के साथ दमा, चक्कर आना, अचानक बेहोशी, माइग्रेन के रोगियों की संख्या भी बढ़ गई है। जिला अस्पताल सहित प्राइवेट अस्पतालों में इन बीमारियों के अधिक मरीज दवा लेने पहुंचे। इनमें से कुछ तो भर्ती भी हो जाते हैं। चिकित्सकों का कहना है कि भारी मौसम में सांस लेने में तकलीफ होती है जो कई बार घातक हो जाती है।

### कम बारिश की वजह से परेशानी ज्यादा

जुलाई, अगस्त, सितंबर में अबकी बारिश औसत से कम हुई है। जिसके कारण जमीनी उष्मा में कमी नहीं आई। सावन, भादों की बारिश ने तापमान कम किया था लेकिन आसमान खुलते ही निचला पारा चढ़ने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक आर्द्रता लगातार बनी हुई है। जिसके कारण जमीनी उष्मा ऊपरी वातावरण में नहीं जा पा रही और लोगों को भारी उमस का सामना करना पड़ रहा। इन दिनों यदि बारिश होती तो आर्द्रता 90 फीसदी के आसपास और सामान्य दिनों में 70 फीसदी होनी चाहिए लेकिन बगैर बारिश नमी काफी अधिक है जिसने शरीर को झटका दिया है।

### शरीर के लिए खतरनाक है क्वांर की धूप

मौसम सामान्य न होने के कारण नमी सेहत के लिए खतरा बन गई है। चिकित्सकों के मुताबिक जिन लोगों को सांस की थोड़ी सी भी समस्या है, उनके लिए यह मौसम खतरनाक है। साथ ही माइग्रेन, स्पांडिलाइटिस, कमर दर्द, गठिया मरीजों के लिए भी तेज धूप और नमी के मेल वाला यह मौसम ठीक नहीं है। जब तक नमी ज्यादा है, उन्हें अतिरिक्त ध्यान रखना होगा।

### इन बातों का रखे ध्यान

-बिस्तर वहां लगाएं, जहां हवा आने का माध्यम हो।
-दिन हो या रात हल्के सूती कपड़े पहने।
-सुबह से रात तक थोड़ी थोड़ी देर में पानी पीते रहें।
-ज्यादा पसीना हो तो कुछ देर खुली जगह पर बैठें।
-गर्मी लगने के बाद भी कूलर कतई न चलाएं।
-बच्चों को रात में हल्की पतली चादर ओढ़ाएं।
-मौसमी बीमारियों के मरीजों से ओपीडी फुल।

# मुड़वारा में एक घंटे पहले आएगी वैष्णोदेवी-जबलपुर एक्सप्रेस

## रेलवे ने समय सारिणी में किया संशोधन

**कटनी।** कटनी मुड़वारा जंक्शन होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 01450 श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा-जबलपुर स्पेशल ट्रेन की समय सारिणी में रेलवे ने संशोधन किया है। अभी तक यह गाड़ी वापसी में सुबह 4 बजकर 20 मिनट पर कटनी मुड़वारा स्टेशन पहुंचती थी लेकिन अब संशोधित समय सारिणी के अनुसार यह ट्रेन रात 2 बजकर 55 मिनट पर कटनी मुड़वारा स्टेशन पहुंचेगी और 3 बजे जबलपुर के लिए रवाना हो जाएगी। जानकारी के मुताबिक पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मण्डल पर चलने वाली गाड़ी संख्या 01450 श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा से जबलपुर स्पेशल ट्रेन के उत्तर मध्य रेलवे एवं पश्चिम मध्य रेलवे के ग्वालियर से जबलपुर के बीच स्टेशनों से होकर गुजरने वाली समय सारिणी में संशोधित किया गया है। यह संशोधित समय सारिणी प्रस्थान 6 अक्टूबर से प्रभावी रहेगा। श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा जबलपुर स्पेशल ट्रेन प्रत्येक बुधवार को 6 अक्टूबर से रात 10 बजकर 30 मिनट पर श्रीमाता वैष्णोंदेवी कटरा स्टेशन से रवाना होगी। श्रीमाता वैष्णोंदेवी कटरा स्टेशन से मुरैना स्टेशन के मध्य समय सारिणी में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह गाड़ी पूर्णतः आरक्षित है। इसमे कंफर्म टिकटधारी यात्रियों को ही यात्रा करने की अनुमति है। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा के दौरान कोविड-19 से संबंधित सभी दिशानिर्देशों का पूरी तरह पालन किया जाए।



### गाड़ी संख्या 01450 श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा-जबलपुर स्पेशल ट्रेन

| स्टेशन | पूर्व समय सारिणी आगमन | पूर्व समय सारिणी प्रस्थान | संशोधित समय सारिणी आगमन | संशोधित समय सारिणी प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| वैष्णो देवी कटरा | ------ | 22:30 | ------ | 22:30 |
| ग्वालियर | 19:26 | 19:28 | 19:18 | 19:20 |
| झांसी | 21:55 | 22:05 | 20:45 | 20:50 |
| बीना मालखेड़ी | 00:30 | 00:32 | 22:53 | 22:55 |
| सागर | 01:20 | 01:25 | 23:45 | 23:50 |
| दमोह | 02:35 | 02:40 | 01:00 | 01:05 |
| कटनी मुड़वारा | 04:20 | 04:25 | 02:55 | 03:00 |
| जबलपुर | 06:00 | ------ | 04:45 | ------ |

**नोट : वैष्णो देवी कटरा स्टेशन से मुरैना स्टेशन के बीच समय सारणी में कोई परिवर्तन नहीं।**

# टेवाइट कॉलेज के छात्र ने जीते 50 लाख रुपये

## अमिताभ ने गिफ्ट किया कोट, लिखा लेटर



**कटनी।** शहर के टेवाइट कॉलेज में पढ़े पड़ोसी जिला उमरिया के शिक्षक प्रांशु त्रिपाठी ने कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) में 50 लाख रुपए जीत लिए हैं। केबीसी के 13वें सीजन में हॉट सीट पर बैठे प्रांशु से गुरुवार रात एक करोड़ रुपए का सवाल पूछा गया था लेकिन उत्तर मालूम नहीं होने से वे क्विट कर गए। प्रांशु त्रिपाठी मध्यप्रदेश के उमरिया जिले के रहने वाले हैं तथा उन्होंने शहर के टेवाइट कॉलेज में भी अध्ययन किया है। प्रांशु ने प्रतियोगिता में क्विट करने से पहले हर सवाल का सही जवाब दिया। एक करोड़ रुपए के 15 वें प्रश्न का वे जवाब नहीं दे सके। प्रश्न में उनसे पूछा गया था कि शाही जहाज, गंज-ए-सवई किस भारतीय शासक की संपत्ति थी। जिसे ब्रिटिश पायलेट हेनरी एवरी ने लूटा था। सवाल का जवाब श्योर नहीं होने की वजह से प्रांशु क्विट कर गए और 50 लाख रुपए जीतकर लौटे। प्रांशु त्रिपाठी उमरिया के चंदवार गांव के रहने वाले हैं। वे बच्चों को गणित पढ़ाते हैं और तामान्नारा हाई स्कूल में अतिथि शिक्षक हैं। उनकी मां गायत्री त्रिपाठी महिला एवं बाल विकास में पर्यवेक्षक हैं। हॉट सीट पर बैठे प्रांशु ने क्रिकेटर रोहित शर्मा को अपना फेवरेट बताया। मुंबई में शूटिंग के बाद वे अपने घर भी पहुंच चुके हैं। प्रांशु त्रिपाठी ने न केवल 50 लाख रुपए जीते बल्कि अमिताभ बच्चन का दिल भी जीत लिया। उन्होंने शूटिंग के दौरान अमिताभ बच्चन के कोट की तारीफ की थी। इस पर अमिताभ बच्चन ने कहा था कि वे यह कोट उन्हें तोहफे के रूप में दे देंगे। बिग बी का कोट प्रांशु को मिल भी गया है। अमिताभ बच्चन की ओर से एक लेटर भी भेजा गया है।

**प्रांशु से गुरुवार को पूछा गया 1 करोड़ का सवाल**

# 8 अक्टूबर को रवाना होगी भारत पर्यटक ट्रेन

**कटनी।** इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड आईआरसीटीसी ने भारत दर्शन विशेष पर्यटन ट्रेनों का संचालन पूरे देश में शुरू कर दिया है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए आईआरसीटीसी ट्रेन आगामी 8 अक्टूबर को रीवा से रवाना होगी। यह ट्रेन मध्यप्रदेश के रीवा, सतना, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, होशंगाबाद, हबीबगंज, विदिशा, गंजबासोदा, बीना स्टेशनों एवं उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के झांसी स्टेशनों से होते हुए जाएगी, जहां से यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकेंगें। 8 रात और 9 दिनों की इस यात्रा में आगरा, मथुरा, हरिद्वार, ऋषिकेश, अमृतसर एवं वैष्णोदेवी के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। इसके लिए यात्रियों को महज 8 हजार 505 रूपए प्रति व्यक्ति स्लीपर श्रेणी एवं 10 हजार 395 रूपए प्रति व्यक्ति थर्ड एसी का खर्च उठाना होगा। इसमें चाय, नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन सहित लॉज, डोरमेट्री, धर्मशाला में रात्रि विश्राम, स्नान की सुविधा और घूमने के लिए बस खर्च भी समाहित है। इस ट्रेन में 12 स्लीपर एवं 1 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी होंगें। टिकट शुल्क में ही यात्रियों के 4 लाख रूपये का दुर्घटना इंश्योरेंस भी शामिल रहेगा। इस यात्रा में श्रद्धालुओं की हर सुविधा का ध्यान रखा जाएगा। कोविड नियमों का पालन होगा। कोच, शौचालय से लेकर यात्रियों के सामनों तक को सैनिटाइज किया जाएगा। सैनिटाइजर, मास्क और फेसशील्ड भी श्रद्धालुओं को मुफ्त दिए जाएंगे। इस ट्रेन की बुकिंग प्रारम्भ हो चुकी है। पर्यटक इसकी बुकिंग आईआरसीटीसी की वेब साईट पर ऑनलाईन व अधिकृत ऐजेंट से भी करा सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी व बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी के भोपाल, जबलपुर एवं इन्दौर कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

**वैष्णोदेवी के साथ ही आगरा, मथुरा, हरिद्वार, ऋषिकेश, अमृतसर की सैर करेंगे यात्री**



# पौष्टिक व्यंजन थाली प्रतियोगिता का आयोजन

**कटनी।** राज्य सरकार के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे पोषण माह के अंतर्गत कल 22 सितंबर को कुपोषण छोड़ पोषण की ओर थाम क्षेत्रीय भोजन की की डोर के अंतर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना कटनी शहरी सेक्टर के 3 आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 46 में पौष्टिक व्यंजन थाली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती अर्चना जैन द्वारा तिरंगा थाली, संतुलित आहार, अंकुरित अनाज, मिक्स दालों के उपयोग से संबंधित जानकारी दी गई। जिसमे सेक्टर की कार्यकर्ता एवं स्थानीय महिलाएं रूबीन बानो, रोशनी निषाद, अनीता चौधरी, सोनम निषाद, शशिबाला ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अरूणा वर्मा को तिरंग थाली में प्रथम स्थान दिया गया।

# महिलाओं ने किया गेट-टू-गेदर, बच्चों को वितरित की जरूरत की सामग्री




**कटनी।** स्थापना दिवस की सभी को बधाई सेवा सप्ताह में जांयट्स सहेली ग्रुप द्वारा 'पहले दिन' महा वैक्सीनेशन अभियान में सहयोग किया और अपने गली मोहल्ले से लोगों को ले जाकर वैक्सीनेशन करवाया 'दूसरे दिन' सहेली ग्रुप द्वारा कटनी से दूर एक गांव में जाकर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 50 लोगों का निशुल्क चेकअप और 10 लोगों को एक डेट दी गई निशुल्क ऑपरेशन की डेट दी गई इसी कड़ी में वहां के सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया जिसमें महिलाओं को साड़ी पुरूषों को शर्ट दी गई और नर्सों का माला और नारियल से सम्मान किया गया इसी कड़ी 'तीसरे दिन' गणेश विसर्जन पर बस्ती में जाकर बच्चों की पाठशाला लगाई गई जिसमें बच्चों को नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे से दूर रहने के मोबाइल के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया जिसमें कुछ बच्चों ने उस दिन शपथ ली कि हम कभी नशा नहीं करेंगे बच्चों को टोपी बिस्किट का वितरण किया गया 'चौथे दिन' जिला अस्पताल में जाकर कुपोषित वार्ड में जाकर कुपोषित बच्चों को खाद सामग्री गुड़ चना लाइ दलिया सूजी और बच्चों सबसे जरूरी चीज 20 पाजामे 20 जोड़ी पेंटी बच्चों को दी गई ''पांचवें दिन' कटनी के मैन स्टेशन एक नंबर प्लेटफार्म पर जाकर एक व्हीलचेयर पितरों को याद करते हुए बुजुर्गों के लिए स्टेशन मास्टर संजय दुबे की मौजूदगी में स्टेशन पर दी गई इसी कड़ी में इसी कड़ी में इसी गरीब बीमार व्यक्ति को ऑक्सीजन की व्यवस्था प्रीति सेन द्वारा की गई 'छठवें दिन' कटनी के गांव जाकर समुदायिक केंद्र में महिलाओं को प्रसूदा वार्ड में जाकर महिलाओं को सैनेट्री पैड और छोटे बच्चों को बिस्किट के पैकेट बच्चों के कपड़े दिए गए 'सातवें दिन' कटनी की एक गरीब बस्ती में जाकर वहां पर बच्चों को पुराने बच्चे और बड़ों के कपड़े दिए गए बस्ती में अभी जो बीमारी फैल रही है डेंगू के डेंगू के बारे में बताया गया और उससे बचने के उपाय भी बताए गए कि बड़े बच्चों को को कैसे सुरक्षित रखना इन सब कार्यक्रम के बाद सेवा सप्ताह का समापन किया शाम को सारी महिलाओं के बीच में गेट टू गेदर का प्रोग्राम रखा गया जिसमें यूनिट डायरेक्टर दीपिका शर्मा के द्वारा 'तीन न्यू मेंबर्स की शपथ दिलाई गई' महिलाओं के द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम महिलाओं के बीच गेम कराए गए ग्रुप की महिलाओं में शानदार प्रोग्राम के लिए उत्साह देखा गया जिसमें ग्रुप अध्यक्ष प्रिया श्रीवास्तव ग्रुप संस्थापक गीता जोशी गौरी साहू कल्पना दुबे शशि शुक्ला प्रीति सेन मीना शुक्ला आराधना जैन, ममता, सारिका, सुषमा, ज्योति, आरती, शोभना, मीना न्यू मेंबर्स आरती, दिव्या और कविता शुक्ला सभी सहेलियों का सहयोग रहा सभी ने पहुंचकर अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझकर इस कार्यक्रम को सफल व स्वास्थ्य लाभ के लाभ पर सहयोग किया प्रोग्राम के अंत में सचिव दीपाली गुप्ता ने सभी का आभार प्रकट किया।



यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शुक्रवार, 24 सितम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper



## सीसीटीवी कैमरे को पालीथीन से किया बंद

### तोड़ा शटर का ताला, नही तोड़ पाए सेंटर लॉक

### बरही के राज मशीनरी में चोरी का असफल प्रयास




**कटनी/बरही।** अज्ञात चोरों ने बरही के कटनी मार्ग स्थित राजेश मंगलानी के राज मशीनरी दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने का असफल प्रयास किया। अज्ञात चोरी ने मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात खराब डेढ़ बजे दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को सबसे पहले पालीथीन से ढका, फिर शटर का एक ताला तोड़ा, दूसरे ताले को भी तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन शटर के सेंटर लॉक को अज्ञात चोर नही तोड़ पाए, जिससे दुकान में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम नही दे पाए। दुकान संचालक ने चोरी के इस असफल प्रयास की लिखित सूचना बरही पुलिस से की है। इस संबंध में दुकान संचालक राजेश मंगलानी ने बताया कि बुधवार की सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचा तो शटर का एक ताला टूटा हुआ था, वही दूसरे छोर का ताला क्षतिग्रस्त मिला, सीसीटीवी कैमरा पालीथीन से ढका हुआ था, सेंटर लॉक अज्ञात चोर नही तोड़ पाए, जिससे दुकान के अंदर रखे लाखो रुपए कीमती सामान चोर नही ले जा पाए। अन्यथा बहुत बड़ा नुकसान हो जाता। बरही में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी कौन है, इसकी पड़ताल करने में बरही पुलिस जुटी हुई है। इस संबंध में बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची से जानकारी लेनी चाही गई, लेकिन उनसे संपर्क नही हो पाया। बहरहाल चोरी के इस असफल प्रयास की वारदात के बाद एक बार फिर दुकानदार सुरक्षा को लेकर दहशत में है।



## ढाबा में रोते मिला घर से लापता बालक

### सीसीटीवी फुटेज की सहायता से कुठला पुलिस को मिली चंद घंटों में सफलता

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत पन्ना मोड़ क्षेत्र से लापता हुए एक बालक को पुलिस ने चंद घंटों के अंदर चाका बायपास मार्ग स्थित एक ढाबे से सुरक्षित दस्तयाब किया है। बालक ढाबा में रोते बिलखते पुलिस को मिला। पुलिस को यह सफलता सीसीटीवी फुटेज की सहायता से मिली। कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि पन्ना मोड़ निवासी द्विवेदी परिवार का एक बालक अचानक लापता हो गया था। सूचना पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरूद्ध अपहरण का मामला दर्ज किया और पतासाजी शुरू की। जिसमें पुलिस को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सफलता मिल गई और पुलिस ने चाका बायपास मार्ग पर स्थित एक ढाबे से बालक को सुकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश व नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला के मार्गदर्शन में बालक को सुकुशल बरामद करने में कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह, बस स्टेण्ड पुलिस चौकी प्रभारी प्रियंका राजपूत, उपनिरीक्षक किशोर कुमार द्विवेदी, सहायक उपनिरीक्षक प्रहलाद पैकरा, भूपेन्द्र अग्निहोत्री, प्रधान आरक्षक अविनाश मिश्रा, रामेश्वर सिंह, आरक्षक संजय यादव, राजू मार्को, मोहन मंडलोई, शिवप्रकाश तिवारी, समशेर सिंह की भूमिका रही।

## सीएससी सेंटर में बनेंगे असंगठित मजदूरों के ई-श्रम कार्ड

### पंजीयन के लिये जागरुकता रथ हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना




**कटनी।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा असंगठित कामगारों का श्रम कार्ड बनाया जा रहा है। सीएससी के माध्यम से भी जिले में श्रम कार्ड का पंजीयन निर्धारित केन्द्रों पर किया जा सकेगा। इस संबंध में जिले के नागरिकों को जागरुक करने के उद्देश्य से बुधवार को जनजागरुकता बाईक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश चन्द्र गोमे ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

यह जागरुकता बाईक रैली शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थलों पर पहुंचकर श्रम कार्ड के पंजीयन के संबंध में लोगों को जागरुक करेगी। इस अवसर पर जिला प्रबंधक अभिषेक कुमार दुबे एवं पूजा तिवारी, एवं सूर्यकांत, आलोक, मौसम, वीपेंद्र एवं अन्य वीएलई भी उपस्थित रह। उल्लेखनीय है कि जिले में संचालित सभी सीएससी सेंटर में ई-श्रम कार्ड का पंजीकरण किया जा रहा है। इसमें 16 से 59 साल तक के असंगठित कामगार जोकि आयकर दाता ना हो और ना ही ईपीएफओ एवं ईएसआईसी के सदस्य होए उनका पंजीकरण किया जाना है। इसमें सभी असंगठित कामगारों का राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार किया जाएगा एवं उन्हें पहचान पत्र जारी किया जाएगा।

## एक अक्टूबर से खुलेंगे नेशनल पार्क

**कटनी।** वर्षाकाल में तीन महीने तक बंद रहे प्रदेश के सभी 6 टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्रों में एक अक्टूबरए से पुनः पर्यटन के लिये शुरू किये जायेंगे। इसके लिये 21 सितम्बर मंगलवार को प्रातः 11 बजे से ऑनलाइन अनुज्ञा.पत्रों की बुकिंग शुरू हो गई है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक ;वन्य.प्राणीद्ध श्री आलोक कुमार ने बताया कि शाम 5 बजे तक अगले माह दशहरा उत्सव के कारण उन दिनों के शत.प्रतिशत अनुज्ञा.पत्र बुक हो चुके हैं। आलोक कुमार ने बताया कि कान्हा नेशनल पार्क के लिये 1239, बांधवगढ़ 1115, पेंच 737, सतपुड़ा 93, पन्ना 46 और संजय टाइगर रिजर्व के लिये 5 पर्यटकों द्वारा ऑनलाइन बुकिंग कराई जा चुकी है। इन सभी नेशनल पार्क में अभी तक 3235 लोगों ने अपनी बुकिंग करा ली है।



## साइकल रैली से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार श्यामाचरण उपाध्याय प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के मार्गदर्शन में दिनेश कुमार नोटिया जिला न्यायाधीश सचिव तथा मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के दिशा निर्देशन में गतदिवस मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरौंध में स्थापित विधिक साक्षरता क्लब का औचक निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन के साथ ही पंच जा अभियान को अग्रसर करते हुए बच्चों को पर्यावरण संरक्षणए प्रकृति को हरा भरा एवं प्रदूषण मुक्त रखने तथा स्वच्छता का संदेश प्रदान करने के उद्देश्य से साइकिल रैली का आयोजन भी

### विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर

किया गया। कार्यक्रम में दिनेश कुमार नोटिया सचिव ने बच्चों को साइबर क्राइम, पॉक्सो एक्ट, बाल संरक्षण, किशोर न्याय बोर्ड, मोटर व्हीकल एक्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, बालक बालिकाओं को उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण से संबंधित विषयों को विभिन्न प्रकार के उदाहरणों के माध्यम से सरल भाषा में समझाया। मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी ने बताया कि बच्चों को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अधिकार को प्राप्त करने के लिए हमेशा प्रयास करते रहना चाहिए। साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। साथ ही स्कूल में स्थापित विधिक साक्षरता क्लब विषय से संबंधित जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य संत बक्स तिवारी, शिक्षक चंद्रकांता दुबे, शिव गोविंद गौतम, ऐश्चर्य मिश्रा, मधु कोरी, विधिक प्रभारी उर्मिला श्रीवास सहित स्कूल के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## सफाई मित्रों में उद्यमिता के विकास हेतु लोन मेला






स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) नोडल अधिकारी श्री सुनील सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक यंत्री, जीशान खान सहयोगी संस्था आदि की उपस्थिति रही।

**कटनी।** भारत सरकार के निर्देश पर स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा चौलेंज के तहत नगर निगम कटनी द्वारा कार्यालय परिसर में निकाय स्तरीय लोन मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कटनी नगर निगम के अंतर्गत विभिन्न वार्डों से 108 सफाई कर्मचारी एवं 20 नगर निगम अधिकारियों एवं कर्मचारी पहुंचे। 06 सफाईकर्मियों ने बैंक से लोन (ऋण) के लिए आवेदन हेतु चिन्हित किया गया है, बैंक से सफाईकर्मियों को ऋण महज तीन से चार फीसद ब्याज दर पर 25 से 50 फीसद सब्सिडी के साथ दस साल तक के लिए दिया जाएगा। लोन सिर्फ उस सफाईकर्मी को दिया जाएगा, जिसकी नियुक्ति नगर निकाय में न हो। नगर निकाय में नियुक्त सफाईकर्मी अपनी पत्नी और बेटे के नाम से लोन ले सकता है। लोन मेले का शुभारंभ दोपहर 03 बजे नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र धाकरे द्वारा किया गया। उन्होंने उद्बोधन के दौरान सफाई कर्मचारियों को लोन लेने के लिए प्रोत्साहित किया एवं लोंन मेले में आये हुए सफाई कर्मचारीयों को संबोधित करते हुए बताया कि सफाई कर्मचारियों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए सफाई कर्मचारियों को कम ब्याज दर पर राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त विकास कारपोरेशन एनएसकेएफ्डीसी के माध्यम से बैंकों से ऋण दिलाया जा रहा है। मेले में एनएसकेएफडीसी के प्रतिनिधि केके भगत ने लोन लेने के लिए आए सफाईकर्मियों को लोन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारियों को लोन लेने के लिए संबंधित नगर निकाय से उनको कार्य देने के संबंध में एक पत्र भी देना होगा। इसलिए नगर निकाय की जिम्मेदारी है कि वह ऋण लेने वाले सफाईकर्मी को कार्य मुहैया करवाएं, जिससे कि सफाई कर्मचारी लोन चुका सकें। लोन मेले में केनरा बैंक की कटनी शाखा से उपस्थित हुए भगत कुमार गुप्ता शाखा प्रबंधक द्वारा कर्मचारियों को संबोधित करते हुये बैंक से सम्बंधित लोन प्रक्रियाओं से अवगत कराया। लोन मेले में सफाई कार्य के लिए संसाधन निर्मित करने वाली कंपनियों की ओर से भी वर्चुअल उपस्थिति दर्ज की गयी एवं रास्ट्रीय बैंकों की ओर से ओर से संबोधित किया जाकर ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण दिया गया, जिससे ऋण लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति को उपकरणों एवं सम्बंधित कार्यवाही पर पूरी जानकारी दी जा सके। आयुक्त श्री धाकरे ने बताया कि लोन मेले में जो सफाई कर्मचारी नहीं आ सके हैं और वे सफाई कार्य के लिए ऋण लेना चाहते हैं, उनको भी ऋण दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए नगर निगम मुख्यालय में एक सहायता डेस्क भी बनाई जाएगी। जिससे कि सफाईकर्मियों को भटकना न पड़े एवं सम्बंधित जानकारी सुलभ रूप से उपलब्ध करायी जा सके, उक्त कार्यशाला में अशफाक कुरैशी - उपायुक्त, राकेश शर्मा कार्यपालन यंत्री, अभिनय गर्ग संभागीय सलाहकार

## वोटर हेल्पलाइन एप से प्राप्त होंगी महत्वपूर्ण जानकारियां

**कटनी।** वोटर हेल्प लाइन एप मतदाताओं के लिये मतदाता सूची में अपना नाम खोजनेए मतदाता पंजीकरण और संशोधन के लिये फार्म जमा करनेए उनकी डिजिटल मतदाता पर्ची डाउनलोड करनेए शिकायत करनेए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के बारे में विवरण खोजने और सबसे महत्वपूर्ण चुनाव के समय परिणाम देखने के लिये व्यापक एप है। वोटर हेल्पलाइन ऐप भारत के चुनाव आयोग का सबसे महत्वपूर्ण मोबाईल एप है। एप में क्यूआर कोड के जरिए मतदान केन्द्रों की तलाशी काफी आसान और तेज हो गई है। फोटो मतदाता पर्ची में क्यूआर कोड होता है। जिसमें मतदान अधिकारियों द्वारा मतदान केन्द्र में स्केन किया जाता है। अब मतदाता अपनी डिजिटल फोटो मतदाता पर्ची वोटर हेल्पलाइन मोबाईल एप से भी डाउनलोड कर सकते है। डिजिटल फोटो मतदाता पर्ची को भौतिक मतदाता पर्ची के बजाय मतदान केन्द्र पर दिखाया जा सकता है। जिले के समस्त मतदाताओं से अपील की गई है कि वे वोटर हेल्पलाईन ऐप का उपयोग कर अपने मताधिकार का उपयोग करें। साथ ही इस एप से मतदाता सूची में अपना परिचय पत्र एवं मतदान केन्द्र का पता लगा सकते हैं।

एम जी एम हॉस्पिटल, कटनी में
विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य पर
नि:शुल्क चिकित्सा शिविर
बुधवार, 29 सितम्बर 2021
समय – सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक
शिविर में उपलब्ध चिकित्सक
डॉ. पंकज गुप्ता
एम.बी.बी.एस., एम. एस.
सीनियर हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं ज्वॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
डॉ मानसी गुप्ता
बी. डी. एस. (नागपुर)
सर्टिफिकेट इन कास्मेटिक इम्प्लांटोलॉजी
सीनियर मुख एवं दन्त चिकित्सा विशेषज्ञ
डॉ. रवि कुमार
एम. बी. बी. एस., एम. डी. (मेडिसिन)
हृदय, छाती, शुगर, ब्लड प्रेशर विशेषज्ञ
एवं कंसलटेंट जनरल फिजिशियन
पूर्व अनुभव – नेता जी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर
डॉ. अनामिका सिंह
एम. बी. बी. एस., एम. एस., डी. एन. बी. (ऑब्स एंड गायनी)
कंसलटेंट स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं लेप्रोस्कोपी (दूरबीन) सर्जन
पूर्व अनुभव– नागपुर मेडिकल कॉलेज, नागपुर
सभी प्रकार की जांचो पर 30% तक डिस्काउंट
आयुष्मान भारत योजना के तहत चिन्हित बिमारियों का
नि:शुल्क ऑपरेशन, भर्ती एवं इलाज की सुविधा उपलब्ध।
नोट - आयुष्मान भारत योजना के तहत ओपीडी (बाह्यरोगी विभाग में) सेवाए प्रदान नहीं की जाती है
पंजीयन हेतु संपर्क करें
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन – 07622-405070, 405071

## नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक 29 को

**कटनी।** परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण अभय मिश्रा ने बताया कि कटनी जिले के स्थानीय नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में 29 सितम्बर बुधवार को आयोजित होगी। बैठक का आयोजन अपरान्ह 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगा। इस बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित रहने के लिये कहा गया है।



किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

# उग्र आंदोलन की चेतावनी के बाद प्रशासन अलर्ट

**कटनी। कैमोर के समीप ग्राम अमहटा में चल रहे एसीसी के नए प्रोजेक्ट में वायदे के अनुरूप स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा। एसीसी प्रबंधन की दमनकारी नीतियों के कारण किसान भी परेशान है। कई बार एसीसी प्रबंधन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराये जाने के बाद भी न तो प्रबंधन ने इस दिशा में कोई कदम उठाया है ना ही प्रशासन ने समस्याओं के निराकरण के लिए कोई पहल की है। प्रबंधन और प्रशासन के रवैये से नाराज़ स्थानीय युवाओं एवं किसानों ने अब विशाल आंदोलन की तैयारी में है। इस सम्बंध में गत 21 सितंबर को भाजयुमो मंडल अध्यक्ष शिवम पांडेय के नेतृत्व में एक 5 सूत्रीय ज्ञापन विजयराघवगढ़ पहुंच कर एसडीएम को सौंपा गया है जिसमें 27 सितंबर को अमहटा प्रोजेक्ट के मुख्य द्वार पर विशाल धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई है।**

## एसीसी के ख़िलाफ युवा मोर्चा का धरना प्रदर्शन 27 को, 5 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



उलेखनीय है कि लगभग 1800 करोड़ की लागत से अमहटा में एसीसी का 3 मिलियन टन छमता का नया प्लांट स्थापित होना है जिसका निर्माण कार्य तेज गति से जारी है। प्लांट निर्माण शुरू होने से पहले पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवम प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की मौजूदगी में एसीसी प्रबंधन ने नए प्लांट में 70 फीसदी रोजगार स्थानीय युवाओं को देने की बात कही थी साथ ही पर्यावरण सुधार के लिए वृहद वृक्षारोपण किये जाने की घोषणा भी की थी। जिन किसानों की जमीन उद्योग के लिए अधिग्रहित की गई थी उन्हें भी पर्याप्त मुआवजा और परिवार के सदस्यों को रोजगार देने का सपना दिखाया गया था। इसी साल जनवरी में जब प्लांट निर्माण के की आधारशिला रखने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अमहटा आये थे तब उन्होंने भी नए प्लांट में 70 फीसदी रोजगार स्थानीय लोगों को ही दिए जाने का भरोसा दिलाया था। स्थानीय युवाओं का आरोप है कि एसीसी प्रबंधन अब न तो अपने वायदे पर अमल कर रहा ना ही मुख्यमंत्री की घोषणा का पालन कर रहा। नये प्लांट के निर्माण में 80 फीसदी से अधिक रोजगार बाहरी श्रमिकों को दिया गया है। स्थानीय बेरोजगार युवाओं को आज भी भटकाया जा रहा। किसानों के साथ भी छलावा हो रहा। अनेक आदिवासी किसानों की जमीन पर जबरिया कब्ज़ा कर बाउंड्री वाल खड़ी कर दी गई है। बेघरबार हुए आदिवासी परिवार दर-दर भटक रहे। इन्हीं सब समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन एस डी एम एवं एसीसी प्रबंधन को सौंपा गया है जिसमें नये प्लांट में 70 फीसदी रोजगार स्थानीय युवाओं को देने, आदिवासियों की जबरन कब्जाई भूमि क़ब्जे से मुक्त करने, 20 साल से भी अधिक समय से अधिग्रहित भूमियों का अब तक उपयोग नहीं होने पर किसानों को उक्त भूमियों पर खेती की अनुमति देने और ठेका मजदूरों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई है। 26 सितंबर तक इन मांगों को लेकर कोई सकारात्मक परिणाम नहीं आने पर 27 सितंबर को अमहटा प्रोजेक्ट के सामने विशाल धरना प्रदर्शन की चेतावनी भी ज्ञापन के माध्यम से दी गई है।

### प्रशासन चाहता है शांतिपूर्ण रहे धरना-प्रदर्शन

भाजयुमो मंडल अध्यक्ष शिवम पांडेय के नेतृत्व में आगामी 27 सितंबर को होने वाला धरना प्रदर्शन शांति पूर्ण रहे इसे लेकर प्रशासन अभी से अलर्ट हो गया है। स्थानीय अधिकारी एक ओर जहां एसीसी प्रबंधन से चर्चा कर बीच का कोई रास्ता निकाले जाने का प्रयास कर रहे वहीं दूसरी ओर आंदोलन की चेतावनी देने वाले युवा नेताओं को भी समझने बुझाने की कोशिशें जारी हैं। इस बात की संभावना व्यक्त की जा रही कि इस धरना प्रदर्शन में भारी संख्या में युवा बेरोजगार और किसान शामिल हो सकते हैं।

### एस एम टी आई से ट्रेंनिग के बाद भी भटक रहे युवा

बताया गया कि एसीसी द्वारा संचालित एस एम टी आई में आई टी आई उत्तीर्ण युवाओं को इंट्रेस एग्जाम के बाद प्रवेश देकर विभिन ट्रेडों का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके लिए एसीसी हजारों रुपये का शुल्क भी लेती है। दो-तीन साल के प्रशिक्षण और एक साल की प्लांट ट्रेंनिग के बाद इन युवाओं को एसीसी के अलग अलग प्लांटों में रोजगार दिया जाता था। 2016-17 में प्लांट ट्रेंनिग पूरी कर चुके 40 से भी अधिक प्रशिक्षित युवा बेरोजगारों को कम्पनी ने चार साल बाद भी रोजगार मुहैया नहीं कराया। ये युवा एसीसी प्लांट के गेट पर प्रदर्शन भी कर चुके हैं। आगे चलकर ये युवा भी एक बड़े आंदोलन की तैयारी कर रहे।

## विद्युत समस्याओं को लेकर रीठी में कांग्रेस का आंदोलन 28 को



**कटनी।** विद्युत विभाग द्वारा लगातार की जा रही बिजली की अघोषित कटौती एवं मनचाहे बिजली बिल, बंद पड़े ट्रांसफार्मर आदि समस्या को लेकर आगामी दिनों में आंदोलन की रणनीति तय करने युवक कांग्रेस एवं एनएसयूआई की एक बैठक बिलहरी में आयोजित की गई। जिसमें आगामी 28 सितम्बर को तहसील मुख्यालय रीठी में युवक कांग्रेस एवं एनएसयूआई द्वारा वृहद आंदोलन का निर्णय लिया गया। युवा कांग्रेस के ज़िला अध्यक्ष मनु दीक्षित के निर्देश अनुसार आयोजित इस बैठक में बहोरीबंद विधानसभाअध्यक्ष मुकेश यादव युवक कांग्रेस विस उपाध्यक्ष नदीम अहमद, युको ब्लॉक अध्यक्ष अंकुश सोनी, कुशल वर्मा, सुनील कुशवाहा नगरअध्यक्ष जितेंद्र बबलू पांडे, बृजेश यादव, कांग्रेस विचारधारा जिला अध्यक्ष विजय पटेल, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष विपिन तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अफ्ज़ल खान, कपिल विश्वकर्मा, शुभांशु नायक,राहुल गौतम,अभय गौतम, भूरा अजय लक्ष्मण बर्मन, राजा बर्मन, पंकज चौरसिया, लक्ष्मी यादव, राजेश यादव राकेश यादव त्रिलोक आशीष आदि उपस्थित थे।



## रीठी में अल्पवर्षा के चलते ताल-तलैया सूखे

### अभी से बन रही जलसंकट की स्थिति

**कटनी/रीठी।** रीठी क्षेत्र में इस वर्ष अल्प बारिश के चलते सूखे के हालात बनते दिख रहे हैं। बारिश का कोटा पूरा नहीं होने की वजह से नदियों, जलाशयों और तालाबों में पानी की कमी है। जिससे पूरे क्षेत्र में इस वर्ष पीने के पानी की किल्लत से इंकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीण क्षेत्रों में निस्तार आदि के लिए छोटे ताल, तलैया एकमात्र जीविका का साधन होते हैं, इसके अलावा पालतू जानवरों की भी प्यास बुझाते है। लेकिन इस वर्ष रीठी क्षेत्र में कम वर्षा के चलते यहां जलसंकट की स्थिति निर्मित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अभी यह हालात हैं तो आने वाले समय में क्या हाल होगा। तालाबों के जल भराव से बोर नल कूपों के जल स्तर पर भी असर पड़ता है। जलसंकट की गंभीर स्थिति को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

## 27 से शुरू होंगी बीएड और डीएलएड की कक्षाएं

**कटनी।** सत्र 2021-22 के लिए विभाग के अधीन शासकीय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों और अशासकीय डीएलएड महाविद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियां 27 सितंबर से प्रारंभ की जायेगी। महाविद्यालयों में पुस्तकालय और छात्रावास भी खोले जायेंगे। बताया जाता है कि कोविड-19 महामारी के कम होते प्रभाव और प्रशिक्षणार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों एवं संस्थानों में शैक्षणिक तथा अशैक्षणिक स्टॉफकी शत.प्रतिशत उपस्थिति होगी। प्रशिक्षणार्थियों की भौतिक रूप से 50 प्रतिशत उपस्थिति के साथ कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। शिक्षण संस्थानों द्वारा ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन भी जारी रहेगा। शिक्षण संस्थानों द्वारा ऑफलाईन एवं ऑनलाईन कक्षाओं के लिए पृथक-पृथक् समय-सारणी जारी की जायेगी। छात्रों की संख्या और उपलब्ध संसाधनों के आधार पर संस्था प्रमुख कक्षाओं के संचालन के संबंध में निर्णय ले सकेंगे। पुस्तकालय अध्ययन कक्ष में क्षमता से 50 प्रतिशत प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जायेगी। संस्थानों एवं महाविद्यालयों में छात्रावास चरणबद्ध रूप से आरंभ होंगे। प्रथम चरण में अंतिम वर्ष या तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों के लिये छात्रावास खोले जायेंगे। छात्रावासी परिसर में सोशल डिस्टेसिंग सेनिटाइजेशन एवं सभी प्रशिक्षणार्थी की थर्मल स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जायेगी। महाविद्यालय और प्रशिक्षण संस्थानों के सभी शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक स्टाफको वैक्सीनेशन कराना अनिवार्य होगा।



## एक हजार करोड़ के विकास कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण

**कटनी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मिंटो हॉल भोपाल से जन कल्याण और सुरज अभियान के अन्तर्गत प्रदेश के नगरों में नगरीय विकास एवं आवास विभाग कराए गए 1000 करोड के विकास कार्यो का लोकार्पण और 15 वें वित्त आयोग के अन्तर्गत 299 करोड की राशि के वितरण कार्यक्रम को नगर निगम कार्यालय में दोपहर 12:00 बजे से निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में एल.ई.डी टी.व्ही के माध्यम से देखा व सुना गया।

## नवनीत कार्यकारी प्रांताध्यक्ष नियुक्त



**कटनी।** म. प्र. शिक्षक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष पद पर नवनीत चतुर्वेदी को नियुक्त किया गया है। संगठन के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि गत दिवस संगठन के संस्थापक पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा, संगठन प्रभारी रामनरेश त्रिपाठी द्वारा प्रदेश के समस्त पदाधिकारियों की अपेक्षानुरूप शिक्षकों की जायज मांगों के लिए संघर्ष करने हेतु संगठन के प्रांताध्यक्ष पद पर सुभाष शर्मा, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष पद पर नवनीत चतुर्वेदी एवं प्रमुख महामंत्री के पद पर प्रेम नारायण तिवारी की नियुक्ति की है। उक्त नियुक्तियों पर संगठन के रामनिधि मिश्रा, इलयास अहमद, अजय सिंह, अनिल मिश्रा, ऐश्वर्य मिश्रा, ऋषि परौहा, श्रवण पाठक, दिलीप द्विवेदी, कमलेश गर्ग, मोहम्मद फहीम, मंजू सोनी आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## पांच केन्द्रों सहित 3 मोबाइल टीमों द्वारा भी लगाई जाएगी वैक्सीन

### टीकाकरण अभियान को गति देने विशेष व्यवस्थाओं में जुटा निगम अमला



**कटनी।** कोविड - 19 महामारी से बचाव हेतु निरंतर आयोजित किये जा रहे वैक्सीनेशन सत्रों के तहत जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगरीय सीमान्तर्गत आज 5 टीकाकरण केन्द्रों इंदिरा गांधी वार्ड बस स्टेण्ड आडिटोरियम, पुरानी कचहरी कटनी, ईश्वरीपुरा वार्ड बैंड हॉल, सेवा भारती अक्षर नंदन स्कूल,राजीव गांधी वार्ड शेरावाली मंदिर में नियुक्त टीकारण केन्द्र प्रभारियों एवं सहयोगी कर्मचारियों के गठित दल द्वारा संबंधित शाखओं के माध्यम से साफसफाई, चूने की लाईनिंग, पेयजल, प्रकाश, फर्नीचर आदि की व्यवस्थाओं को पूर्ण कराया जाकर टीकाकरण का कार्य प्रारंभ कराया गया। वैक्सीनेशन सत्र में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए आयोजित होनें वाले वेक्सीनेंशन सत्र की निगम वाहनों के माध्यम से मुनादी का कार्य तथा तीन मोबाईल वेन के माध्यम से बी.डी अग्रवाल वार्ड स्थित कोढी मोहल्ला, आचार्य कृपलानी वार्ड कैरन लाईन स्कूल, रफी अहमद किदवई वार्ड स्थित आंगनबाडी केन्द्र क्रमांक 173, रामजानकी हनुमान वार्ड आंगनबाडी केन्द्र क्रमांक 61, नई बस्ती आदर्श कॉलोनी क्षेत्र, बाल गंगाघर तिलक वार्ड इंदिरा नगर आंगनबाडी केन्द्र क्रमांक 6, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पहरूआ आंगबाडी केन्द्र क्रमांक 11, सहित नगर के अन्य स्थलों में निगम के अधिकारियों कर्मचारियों गठित दल के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा भी निर्धारित टीकाकरण स्थलों में अधिक से अधिक नागरिकों से संपर्क किया जाकर टीकाकरण से वंचित लोगों को टीकाकरण करानें हेतु प्रेरित किया गया।

## डेंगू मलेरिया के संक्रमण से बचने कीटनाशक छिड़काव




**कटनी।** जिला कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा डेंगू मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी मौसमी बीमारियों से बचाव एवं संक्रमण की रोकथाम हेतु नगर में लार्वा का परीक्षण, कीटनाश दवाईयों के छिडकाव का अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन एवं क्षेत्रीय वार्ड दरोगाओं की उपस्थिति में रोजाना चलाये जा रहे फागिंग अभियान के तहत निगम के स्वच्छता मित्रों द्वारा विगत द्वितीय पाली में फगिंग मशीन के माध्यम से जयप्रकाश वार्ड स्थित आदर्श कॉलोनी गली नंबर 1,2,3,4 सांई मंदिर, दुर्गा हॉस्पिटल, धर्मलोक हॉस्पिटल, शारदा हॉस्पिटल, वंदना गप्ता नर्सिंग होम, नई बस्ती सौंधिया गली,अगहरी गली, चूरन गली सिंधी स्कूल के पास सहित नगर के अन्य वार्डो के विभिन्न स्थलों में रासायनिक धुंआ छोडनें तथा पुलिस कंट्रोल रूम में कीटनाशक दवा छिडकाव की कार्यवाही की गई। मौसमी बीमारियां नगर में अपनें पैर न पसार सके इस हेतु रोजाना दो पालियों के माध्यम से नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के साथ ही चलाये जा रहे कीटनाशक दवा के छिडकाव अभियान के तहत आज प्रातः प्रथम पाली में गणेश प्रसाद मसुरहा वार्ड की विभिन्न गलियों, वीर सावरकर वार्ड आधार काप, हेमा पब्लिक स्कूल मार्ग, एयरटेल टॉवर गली, विजय साहू जी के घर के आसपास सहित पानी भारव वाले गढडों में कीटनाशक दवाईयों के छिडकाव का कार्य किया गया। महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड स्थित सिविल लाईन के विभिन्न स्थलों फारेस्टर वार्ड की घनी बस्तियों के विभिन्न स्थलों सहित नगर के अन्य स्थलों में स्प्रे पंप के माध्यम से कीटनाशक दवाईयों का छिडकाव कार्य किया जाकर क्षेत्रीय रहवासियों को अपनें घरों के आसपास साफसफाई रखनें सहित घरों के कूलरों मे पानी का उपयोग न करनें की समझाईश दी गई।

## सिंगल यूज प्लास्टिक एवं खुले में शौच पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने पर जोर

## ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया गया स्वच्छता संदेश

**कटनी।** गीला कचरा एवं सूखे कचरे को अलग-अलग कर उपयुक्त स्थल पर डालेंए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करें तथा खुले में शौच बंद किए जाने के संबंध में ग्रामीणों को जागरुक किया गया। बुधवार को जनजागरुकता की गतिविधियों के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्राम पंचायत चाकाए कन्हवाराए पिलौंजी एवं ग्राम पंचायत खमतरा के ग्राम मोहारी में आमजन को प्रेरित करने का कार्य किया गया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को स्वछता की शपथ दिलाई गई। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में चल रहे आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिला पंचायत कटनी के निर्देशन में 22 सितम्बर को जनपद पंचायत के इन ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत



अभियान, मप्र जन अभियान परिषद एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी में संलग्न सहायक संस्था के वालंटियर के द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं स्थानीय संगीत के माध्यम से लोगों को साफ सफाई, सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले नुकसान तथा जल जीवन मिशन के बारे में प्रेरित किया गया। गौरतलब है कि स्वच्छ भारत अभियान के द्वितीय फेस में खुले में शौच की प्रथा को बंद रखने एवं ग्रामों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की गतिविधियां की जा रही है। ग्रामीण जनों के स्वच्छता के प्रति व्यवहार परिवर्तन किए जाने सूचना-शिक्षा-संचार के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छ भारत अभियान के जिला समन्वयक कमलेश सैनी, विकासखंड समन्वयक जग्गी पटेल, मप्र जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्रा सहित सहायक संस्था के सदस्य, ग्रामीण व संबंधित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# पूंजीपतियों ने ले ली पीएम किसान सम्मान निधि

## जिले में करीब साढ़े 3 हजार किसान अपात्र घोषित, अपात्रों में टेक्सपेयर, सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं दिवंगत किसान भी शामिल

**यश भारत पड़ताल**

**कटनी।** केन्द्र सरकार द्वारा जरूरतमंद किसानों को आर्थिक रूप से लाभांवित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना शुरू की थी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुधारी जा सके, परंतु इसका लाभ ऐसे लोगों ने ले लिया, जो इसके पात्र नहीं थे। जिसमे टैक्सपेयर, व्यवसायी, सेवानिवृत्त कर्मचारी और दिवंगत किसान के परिजन शामिल हैं। ऑनलाइन सिस्टम में ये पूंजीपति किसान सरकार की राडार में आ गए। अब उनसे रुपये वसूली का अभियान शुरू किया गया है। जरूरतमंद किसान बनकर जिन किसानों ने योजना का लाभ लिया है, अब उनको नोटिस भेजकर राशि जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में ऐसे करीब साढ़े 3 हजार किसानों की पहचान हुई है, जो अपात्र होने के बाद भी योजना का लाभ उठा रहे थे। इनकी आगामी किस्तों को रोक दिया गया है। इतना नहीं राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए लाखों रूपए की रिकवरी के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। राजस्व विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सभी अपात्रों से राशि वापस ली जा रही है। विदित हो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा फरवरी 2019 में इस योजना की शुरूआत की गई थी।

### राजस्व विभाग ने वसूली के लिए जारी किए नोटिस

### जांच में सामने आई गड़बड़ी



बताया जाता है कि इस योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा जब अपात्रों का पता लगाने के लिए जांच शुरू की तो बड़ा खुलासा हुआ। हजारों की तादात में ऐसे लोग इस योजना का लाभ उठा रहे थे, जो पात्र नहीं थे। इसमे आयकर दाता, पूंजीपति, सेवानिवृत्त कर्मचारी शामिल थे। इसका खुलासा होने के बाद सबसे पहले ऐसे अपात्र किसानों को अगली किश्त आवंटित नहीं की गई और अब उनसे अब तक आवंटित की गई राशि की वसूली के लिए अभियान शुरू किया गया है।

### पति-पत्नी दोनों को मिल रहा था लाभ

बताया जाता है कि जिन किसान दंपति यानी पति और पत्नी दोनों ने जमीन होने की वजह से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ उठाया है, उनसे भी राशि वसूली के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। भू अभिलेख अधीक्षक मायाराक कोल ने बताया कि नियमानुसार दोनों में से एक ही सरकार की योजना का पात्र हो सकता है। इसी तरह किसी किसान की मौत हो गई लेकिन उसके परिजनों ने मृत्यु प्रमाण पत्र देने की बजाए लाभ ले रहे हैं, तो उन से भी रिकवरी की जा रही है।

### अलग-अलग किश्तें दी, वसूली एक साथ

राजस्व विभाग द्वारा की जा रही वसूली को लेकर किसानों में रोष देखा जा रहा है। ऐसे किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किश्तें तो अलग-अलग जारी की गई, लेकिन वसूली एक साथ की जा रही है। किसानों को नोटिस जारी किए जाने के बाद कुछ ऐसे भी किसान हैं, जो एक साथ ही इतनी राशि जमा करने में सक्षम नहीं हैं, ऐसे में इन किसानों ने जिले के जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन के अधिकाारियों के साथ ही मुख्यमंत्री का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित कराया है।

### क्या है योजना

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक योजना है। इस योजना के अंतर्गत छोटे और सीमान्त किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिनके पास 2 हेक्टेयर से कम भूमि हो। इस योजना के तहत सभी किसानों को न्यूनतम आय सहायता के रूप में प्रति वर्ष 6 हजार रूपया मिल रहा है।

### इनका कहना है

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ कुछ ऐसे लोगों ने ले लिया था, जो कि इसके पात्र नहीं थे। शासन स्तर पर इसकी जांच की गई। जांच के बाद राज्य सरकार द्वारा इन्हें अपात्र मानते हुए राशि वापस करवाने के निर्देश दिए गए। जिस पर राजस्व विभाग द्वारा अपात्र लोगों को नोटिस जारी करते हुए निर्धारित तारीख तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत आवंटित की गई राशि को वापस करने के लिए कहा गया है।

**-मायाराम कोल, अधीक्षक, भू-अभिलेख**

# जिले में बढ़ा डेंगू का प्रकोप

## रोकथाम के लिए प्रयास नहीं, स्वास्थ्य विभाग ने अब तक शुरू नहीं किया लार्वा की जांच का अभियान




**कटनी।** जिले में डेंगू संक्रमण का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। जिला चिकित्सालय के साथ ही निजी अस्पतालों में हर दिन बड़ी संख्या में डेंगू से संक्रमित मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। जिला चिकित्सालय में सर्दी, खांसी, जुखाम और बुखार के सबसे ज्यादा मरीज उपचार कराने के लिए आ रहे हैं। ओपीडी में हर दिन करीब 600 से 700 मरीज पहुंच रहे हैं। इनमे से कितने डेंगू से संक्रमित हैं, इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग के पास नहीं है। डेंगू से संक्रमित मरीजों की अधिकृत संख्या की भी जानकारी नहीं दी जा रही है।

शहर के कुछेक इलाके ऐसे हैं, जो इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। इन क्षेत्रों में डेंगू मरीजों की संख्या अधिक होने के बावजूद न तो कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है और न ही साफ सफाई पर ध्यान दिया जा रहा है। शहरी इलाकों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी मरीजों की संख्या बढ़ने के बाद न तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू की रोकथाम के लिए कोई कदम उठाए जा रहे हैं और न ही नगर निगम प्रशासन द्वारा। अगस्त की अपेक्षा सितंबर में डेंगू मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। डेंगू का प्रकोप बढ़ने के बाद भी डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम हेतु घर-घर मच्छर के लार्वा की जांच का अभियान ठंडे बस्ते में है। हर साल स्वास्थ्य विभाग द्वारा बरसात के मौसम में लार्वा की जांच का अभियान शुरू किया जाता था लेकिन इस साल यह अभियान अब तक शुरू नहीं हो सका है। इसके साथ ही नगर निगम द्वारा फॉगिंग मशीन से धुआं और कीटनाशक दवाओं का छिड़काव नहीं कराया जा रहा है। नगर निगम की ओर से हर दिन शहरी क्षेत्रों में सफाई के दावे किए जाते हैं लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर हैं।

# नाबालिग का अपहरण कर बांदा में करा दी शादी

## ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र का मामला, दो महिलाओं सहित तीन गिरफ्तार




**कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र से एक नाबालिग का अपहरण कर उसे एक लाख दस हजार रूपए में बेचने का मामला सामने आया है। नाबालिग का अपहरण करने वाली महिला ने अपनी एक अन्य सहयोगी महिला की मदद से नाबालिग की शादी एक लाख दस हजार रूपए लेकर बांदा निवासी एक युवक से करा दी थी। पुलिस ने परिजनों की सूचना पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए न केवल नाबालिग को दस्तयाब कर लिया है बल्कि इस मामले में दो महिलाओं सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गौरतलब है कि कलेक्टर प्रियंक मिश्रा व पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के निर्देश पर टीमें लगातार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने में जुटी हुई हैं। जहां पुलिस ने टीम नकली आयल, नकली घी आदि का कारोबार करने वालों पर शिकंजा कस रही है तो दूसरी ओर माफियों के खिलाफ भी कार्रवाई जारी है। दो दिन पहले ही माफिया के कब्जे से एक करोड़ की भूमि मकान खाली कराने की कार्रवाई की गई तो इससे पहले जबलपुर में रासुका के आरोपी रज्जाक की कटनी से जारी बंदूकों के लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई भी हुई थी। इसी कड़ी में जिले के ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में एक मानव तस्करी का मामला सामने आने के बाद पुलिस की टीमों ने तत्परता दिखाते हुए काम किया। जिसमें न सिर्फ एक नबालिका को दस्तयाब किया बल्कि मानव तस्करी से जुड़े तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा है। साथ ही मानव तस्करी से जुड़े आरोपियों के अन्य तार भी जोड़े जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार ढीमरखेड़ा क्षेत्र से एक 14 वर्षीय किशोरी लापता हो गई थी, जिसके परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज करते हुए विवेचना प्रारंभ की। मामले में जब पूछताछ की गई तो क्षेत्र की ही राधा बाई नामक महिला पर पुलिस को शंका हुई। पुलिस ने महिला की खोजबीन प्रारंभ की तो वह पनागर जबलपुर में मिली। जिससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि लापता किशोरी को उसने कुछ लोगों की मदद से बांदा उप्र निवासी राजेन्द्र प्रजापति को एक लाख 10 हजार रूपये लेकर शादी कराई है। मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर दो अलग-अलग टीम बनाई गई। जिसमें थाना प्रभारी उपपुलिस अधीक्षक शेखर दुबे, निरीक्षक अर्चना सिंह और एनकेजे थाना प्रभारी नीरज दुबे के साथ दो अलग-अलग टीमें बनाई गई। एक टीम ने बांदा उप्र के खाईपार पुलिस चौकी की मदद से नबालिक को दस्तयाब किया और उसके जेठ बाबूलाल प्रजापति को पकड़कर साथ में लेकर आई। वहीं दूसरी टीम ने राधा बाई की सहयोगी गढ़ी मलेहरा निवासी पुष्पा राजपूत को सतना से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि राधा किशोरी को साथ में लेकर घूमती थी और बहलाकर अपने साथ ले गई और पुष्पा की मदद से पैसे लेकर उसकी शादी करा दी। पुलिस को पूछताछ में अहम सुराग मिले हैं और उसके आधार पर मानव तस्करी से जुड़े अन्य मामलों के खुलासों के प्रयास किए जा रहे हैं। आरोपियों के खिलाफ मानव तस्करी सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### एक लाख दस हजार रूपए में बेचने की बात आई सामने, मानव तस्करी से जुड़े तार

# ससुराल में दामाद ने लगाई फांसी बरही में घटना, पुलिस जांच में जुटी

**कटनी।** बरही थाना अंतर्गत ग्राम बिचपुरा स्थित अपनी ससुराल में रह रहे 38 वर्षीय युवक के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। आत्महत्या किए जाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची के मुताबिक मूलतः टीकमगढ़ के थाना पलेरा अंतर्गम रामपुर निवासी 38 वर्षीय जयराम पिता देशांत साहू की ससुराल ग्राम बिचपुरा में है। जयराम साहू ग्राम बिचपुरा निवासी मुन्ना साहू का दामाद है। लगभग दो साल पहले जयराम साहू ग्राम बिचपुरा आया और यही ससुराल के बाजू से मकान बनाकर रहने लगा। कल गुरूवार की शाम उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसी प्रकार बरही के वार्ड क्रमांक 8 स्टेशन रोड निवासी 40 वर्षीय मोहम्मद असलम पिता याकूब अली के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। असलम ने यह आत्मघाती कदम कैसे व किन परिस्थितियों में उठाया। इस बात का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है।

# चूर्ण, गोली, गटागट फैक्ट्री में छापा

## गंदगी के बीच हो रहा था निर्माण



**कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत कैरिन लाइन में संचालित चूर्ण, गोली, गटागट फैक्ट्री में माधवनगर पुलिस वा खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा दबिश दी गई है। इस दौरान आकाश चैयनानी की आकाश ग्रह उद्योग में टीम ने पाया कि फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में गंदगी है। गंदगी के बीच खाद्य सामग्री बनाई जा रही है। इस दौरान नमूने भी लिए गए हैं और माधवनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन अधिकारी संजय गुप्ता ने बताया कि सैंपल आदि जप्त किए गए हैं जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय गुप्ता, बृजेश विश्वकर्मा, उपनिरीक्षक एम एल करण, प्रधान आरक्षक गणेश दत्त मिश्रा, प्रधान आरक्षक भुवनेश्वर बागरी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# एटीएम बदलकर निकाल लिए 27 हजार

## स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र की घटना, पुलिस ने शुरू की जांच

**कटनी।** शहर व जिले में लगातार ठगी के मामले बढ़ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला फिर स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में सामने आया है। स्लीमनाबाद थाना प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि 21 सितंबर को तिहारी गांव छीता पहाड़ी के रामस्वरूप पिता रोहिणी प्रसाद कुशवाहा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम से पैसे निकालने गए हुए थे। इसी दौरान कुछ तकनीकी कारणों से उनके पैसे नहीं निकल रहे थे। उसीदौरान एटीएम के अंदर तीन अज्ञात लोगों के द्वारा उनको बातों में लगाकर एवं एटीएम से रुपये निकालकर चले गए। बातों में उलझा कर प्रार्थी के एटीएम को बदल दिया एवं उसे दूसरा एटीएम दे दिया गया। एटीएम के माध्यम से उसके खाते से 27000 का आहरण कर लिया गया। आरोपी धोखाधड़ी करके फरार हो गए। तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध धारा 420 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। संभावित स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं एवं आरोपियों की तलाश की जा रही है।

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से



पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR · Reliance digital · TRENDS · PLANET FASHION · U-TURN · BOLSA · GALAXY · CITY PRIDE Cinema · Food Junction The Food Court · HOTEL GRAND MERIDIAN · FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant · GRAVITY THE PUB

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009


यशभारत हैल्पलाइन - अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033

सिटी मॉल बरही रोड में




शानदार तीसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 10 से दोपहर 12.30, 3.30 एवं 6.30 बजे से
कलाकार- कंगना रणावत, अरविंद स्वामी, भाग्यश्री, मधु आदि।
थलाइवी
(हिन्दी में)
नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

सिटी मॉल बरही रोड में




हॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म
रोजाना 3 शो ता. 24 से दोपहर 3, 5 एवं 7 बजे से
कलाकार- ड्वेन जॉन्सन, जेक व्हाइटहॉल, एमिली ब्लंट, एडगर रेमिरेज आदि।
JUNGLE CRUISE
(हिन्दी में)
नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

सिटी मॉल बरही रोड में




हॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म
रोजाना 1 शो ता. 24 से दोपहर 12.30 बजे से
कलाकार- सीमू ल्यू, एक्वाफीना, टोनी लेंग, फला चेन आदि।
SHANG-CHI
(हिन्दी में)
नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)